## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिले के दो युवाओं ने किया पदक प्राप्त

**मण्डला।** म.प्र. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव, रविंद्र भवन भोपाल में 2 जनवरी 2024 को किया गया जिसमे जिले के 2 युवा शालिनी पटेल पोस्टर मेकिंग में और विवेक धुर्वे नैनपुर फोटोग्राफी की प्रतियोगिता मे सम्मिलित हुए थे। राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शालिनी पटेल ने पोस्टर मेकिंग में द्वितीय स्थान और विवेक धुर्वे नैनपुर ने फोटोग्राफी में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी रविंद्र ठाकुर, अरविंद पटले, आकाश खत्री, सुश्री सोना दुबे, पंकज उसराठे, त्रिलोक डोंगरे, करुणा मर्सकोले, शशांक मिश्रा, रामवाती परते, रामनाथ धुर्वे, गंगा मरावी, पुरूषोत्तम नेताम, उमेश नंदा, सभी खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संबंधी बैठक 8 को

**मण्डला।** 12 जनवरी 2024 स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस 'युवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं, आश्रम शालाओं, पंचायतों में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद जी पर केन्द्रित प्रेरणादायी, शैक्षिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस आयोजन में स्वयंसेवी संगठनों तथा आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट प्रयास किया जाकर इस आयोजन के प्रति जनसामान्य में चेतना जागृत किया जाना है। इस संबंध में 8 जनवरी 2024 को समय-सीमा की बैठक के तत्काल बाद कलेक्टर की अध्यक्षता में सामूहिक सूर्य नमस्कार 2024 के आयोजन से संबंधित आवश्यक बैठक आयोजित की गई है।

## शक्कर मिल खोलने और गन्ना विकास कार्यक्रम शुरू करने की मांग

# गुड़ का नहीं मिल पा रहा वाजिब दाम

*** किसानों का गन्ने की ओर से रूझान हो रहा कम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला जिला पहले गन्ने की खेती के लिये प्रसिद्ध हुआ करता था लेकिन जिले में संचालित दो खाण्डसारी चीनी मिल के बंद होने के बाद इसका दायरा सीमित क्षेत्रों तक सिमट कर रह गया। गन्ने की खेती क्षेत्र में अब गिने चुने गांवों में ही होती है। इसके पीछे प्रमुख कारण सरकार द्वारा किसानों को गन्ने की फसल के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है। बात दे कि लागत अधिक व फायदा कम होने के चलते क्षेत्र के किसानों का इस खेती से प्रत्येक साल मोह भंग होता जा रहा है। अगर समय रहते सरकार द्वारा कोई प्रोत्साहन नीति नहीं बनाई गई तो आने वाले कुछ वर्षों में मंडला जिले से इसकी खेती इतिहास के पन्नों में सिमट जायेगी। सरकारी आंकड़े अनुसार जिले में विगत वर्ष 02 हजार 700 हेक्टेयर में गन्ने की फसल लगाई गई। वहीं इस वर्ष गन्ने के रकबे में मामूली वृद्धि हुई, जिसमें इस वर्ष 03 हजार हेक्टेयर में गन्ने की फसल लगाई गई है।

ज्ञात हो कि विगत छह वर्षो में गन्ने की फसल का रकबा नहीं बढ़ा है। विगत वर्षो में भी इसका रकबा 3 हजार हेक्टेयर के आसपास रहा। इसके पहले तीन हजार हेक्टेयर से कम का रकबा वर्ष 2016-17 में 2.90 हजार हेक्टेयर और विगत वर्ष 2021-22 में 2.70 हजार हेक्टेयर था। जिसके कारण किसानों का गन्ने की फसल की तरफ कोई खास दिलचस्पी नहीं रह गई है। अन्य फसलों की तरफ बढ़ते रूझान के कारण गन्ने का रकबा अन्य फसलों की अपेक्षा कम ही है। जिसके कारण जिले में गुड़ की आवक भी कम होने लगी है। मंडला के गुड़ की मिठास अब धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

जिले के गन्ना उत्पादक किसान मिल बंद होने से टूट गए है जो किसान गन्ना की फसल ले रहे है, वह गन्ना सिर्फ गुड़ बनाने के काम आ रहा है। इससे किसानो को कोई ज्यादा फायदा होने वाला नहीं है। अब किसान फिर से मिल खोलने की मांग भी कर रहे है। गन्ना उत्पादक किसानो का कहना है कि मंडला में गन्ना फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए शासन स्तर से सतत गन्ना विकास योजना संचालित किया जाए। जिसका फायदा यहां के करीब तीन हजार हैक्टेयर भूमि में गन्ना लगाने वाले किसानो को मिल सकें।

मप्र सरकार अन्य जिलों में सतत गन्ना विकास योजना संचालित कर रही है, यदि मंडला जिले को भी इस योजना में शामिल कर लिया जाए तो यहां के किसानों को इसका लाभ मिलने के साथ गन्ने के रकबे में भी बढ़ोत्तरी होगी।

### सरकारी योजना से जोड़ा जाए मंडला को

पूर्व मंडी अध्यक्ष सुनील नामदेव ने बताया कि प्रदेश के अन्य जिलो में सतत गन्ना विकास योजना का लाभ किसानों को मिल रहा है। मंडला जिले में सतत गन्ना विकास योजना में लिए पहल की थी, लेकिन स्वीकृति नहीं मिल पाई। यदि जिले में सरकारी शुगर मिल खुल जाएग तो यहां किसानों का रूख गन्ने की खेती की तरफ फिर हो जाएगा। सरकार को मंडला जिले में गन्ना उत्पादन की संभावना देखते हुए गन्ना विकास योजना की पहल की जानी चाहिए और यहां एक सरकारी शुगर मिल खोली जानी चाहिए। श्री नामदेव ने बताया कि किसानों का गन्ने की फसल से मोहभंग होता देख उन्होंने ग्राम अंजनिया में मंडी अध्यक्ष रहते हुए उपमंडी खोलने के लिए भूमि स्वीकृत करा दी थी, जिससे यहां के किसानों को गन्ने और गुड़ का उचित मूल्य यहां मिल सके। लेकिन श्री नामदेव के कार्यकाल में सिर्फ भूमि ही स्वीकृत हुई थी, अब जिला प्रशासन को यहां उपमंडी बनाने की पहल करनी चाहिए। जिससे यहां गुड़ मंडी खोली जा सके और यहां क्षेत्रीय किसानों को गन्ने का उचित दाम मिल सके।

### सरकारी शुगर मिल खोलने की मांग

गन्ने की खेती करने वाले किसानों ने बताया कि सतत गन्ना विकास योजना मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य गन्ना पैदावार को बढ़ावा देना एवं उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार करना है। जिससे किसानों को गन्ने का उचित मूल्य मिल सके और किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो सके, लेकिन यह योजना मंडला जिले में शुरू नहीं की गई है, जबकि मंडला जिले में भी एक बहुत बड़े क्षेत्रफल में गन्ने की खेती की जाती है। यदि इस सतत गन्ना विकास योजना की शुरूआत मंडला में हो जाए तो यहां के किसानों की रूचि गन्ने की तरफ एक बार फिर बढ़ जाएगी और किसान गन्ने की फसल को महत्व देंगे। यहां गन्ने की फसल का उचित दाम ओर शुगर मिल नहीं होने के कारण यहां किसानों में अब गन्ने की तरफ रूझान नहीं है। मप्र सरकार को मंडला जिले में भी गन्ने की फसल लगाने वालों के लिए इस योजना के तहत सरकारी शुगर मिल शुरू किया जाना चाहिए।

### इनका कहना है:-

*मंडला में खाण्डसारी मिल बंद हो जाने के कारण गन्ना उत्पादक किसानो को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। गुड़ के लिए गन्ना क्रय करने वाले समूह को कम दामो में गन्ना बेचना पड़ रहा है। जिससे किसानो को नुकसान हो रहा है। गन्ना की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई काम नहीं किया जा रहा है। भारतीय किसान संघ का कहना है कि प्रशासन के सहयोग से खाण्डसारी मिल खोली जाए।*

**-श्री राम सिंधिया, जिला अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ**

*पहले की अपेक्षा अब गन्ने की पैदावार कम हो गई है, गन्ने की फसल को बेचने का कोई साधन नहीं है, जिले की दोनों मिलें बंद हो गई है, मप्र सरकार अन्य जिलों में सतत गन्ना विकास योजना संचालित कर रही है, यदि मंडला जिले को भी इस योजना में शामिल कर लिया जाए तो यहां के किसानों को इसका लाभ मिलने के साथ गन्ने के रकबे में भी बढ़ोत्तरी होगी। इसके साथ ही अंजनिया के पास एक शासकीय शुगर मिल खोली जाए।*

**-सुनील नामदेव, पूर्व मंडी अध्यक्ष, बिछिया**

## बरगी विस्थापितों की क्षेत्रीय बैठक में चैनसिंह बरकड़े हुये शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

बरगी बांध से विस्थापित गांव लालपुर विकास खंड बीजाडांडी में क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें बरगी बांध से प्रभावित और उपर क्षेत्र के ग्रामीण शामिल थे। कार्यक्रम में शामिल होने आए निवास विधायक चैनसिंह बरकड़े और पूर्व विधायक डॉक्टर अशोक मर्सकोले का भव्य स्वागत हुआ। लालपुर के सरपंच कालू सिंह आर्मो और पूर्व सरपंच रज्जे सरोठिया ने वर्तमान विधायक को बताया कि खेतों में बरगी बांध से सिंचाई की वयवस्था सुनिश्चित किया जाए एवं खाम्ही से बकरा टोला, लालपुर से डूंगरिया, खाम्ही से पोंडी सङक निर्माण और कृषकों के खेत में तीन फेज विधुत कनेक्शन की वयवस्था प्राथमिकता से कराया जाए। सोनिया बाई आर्मो ने कहा कि रोजगार की कोई वयवस्था नहीं है। जिसके कारण बाहर जाकर मजदूरी करने बाध्य हैं और दूसरी ओर रोजगार गारंटी के काम का भुगतान महिनों रूका है। पेयजल के लिए जल जीवन मिशन द्वारा केवल पाईप लाईन बिछा कर छोड़ दिया गया है। पूर्व जनपद अध्यक्ष बीजाडांडी धनराज बरकड़े ने मांग किया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पिछले वर्ष चार लिफ्ट सिंचाई योजना की घोषणा बबलिया में किया गया था, उसे पूरा कराने के लिए शासन एवं प्रशासन से चर्चा किया जाए। उन्होंने चुटका परमाणु परियोजना निरस्त कराने के लिये विधायक से आग्रह किया। जमठार पंचायत के सरपंच ब्रज लाल कुंजाम ने मानिकसरा में उप सवास्थ्य केंद्र खोलने की मांग रखी। बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राज कुमार सिन्हा ने वन अधिकार कानून के अन्तर्गत लंबित दावों का निराकरण, अर्जित परन्तु डूब नहीं आने वाली भूमि की वापसी, डूब क्षेत्र के अन्तर्गत बसे ग्रामों को अबादी घोषित कर आवासीय पट्टा देने, बरगी जलाशय में घटते मत्स्य उत्पादन का अध्ययन कराने और विस्थापित परिवार की आजिविका सुनिश्चित करने दृघकालिन योजना बनाने की बात रखी। डॉक्टर अशोक मर्सकोले ने बात रखते हुए कहा कि बरगी विस्थापितों की समस्याओं को हल करने सदन से लेकर सङको पर संघर्ष किया। बरगी लिफ्ट सिंचाई योजना को लेकर शासन एवं प्रशासन स्तर पर फालोअप किया जाना है। आपने वर्तमान विधायक को आश्वासन दिया कि क्षेत्रीय समस्याओं को हल कराने में आपका पूरा साथ दुंगा। विधायक चेन सिंह बरकड़े ने कहा कि मैं विगत पच्चीस सालों से बरगी विस्थापितों की समस्याओं से अवगत हूँ। मेरा विभिन्न विभागों के साथ मण्डला में रे में विधुतिकरण की कार्यवाही कुछ महिनों में शुरू हो जाएगा। रोजगार गारंटी की राशि केंद्र से नहीं आने के कारण भुगतान लंबित है, जल्द भुगतान कराने का प्रयास किया जाएगा।

# राजा बलि का घमंड तोडने भगवान विष्णु को लेना पड़ा वामन अवतार

*** 9 जनवरी तक चलेगी श्रीमद्भागवत पुराण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला मुख्यलाय के स्वामी सीताराम वार्ड डिंडौरी नाका के पास संगीतमय श्रीमद्भागवत पुराण का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन 9 जनवरी को किया जाएगा। कथा का वाचन पंडित फूलचंद तिवारी सिलगी वाले के द्वारा किया जा रहा है। कथा वाचक ने कथा के चौथे दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार की कथा सुनाइ। उन्होंने बताया कि दैत्यों का राजा बलि बड़ा पराक्रमी राजा था। उसने तीनों लोकों पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया। उसकी शक्ति से घबराकर सभी देवता भगवान वामन के पास पहुंचे, तब भगवान विष्णु ने अदिति और कश्यप के यहां जन्म लिया। एक समय वामन रूप में विराजमान भगवान विष्णु राजा बलि के यहां पहुंचे। उस समय राजा बलि यज्ञ कर रहे थे।

बलि से उन्होंने दान मांगा, बलि ने कहा ले लीजिए। वामन ने कहां मुझे तीन पग धरती चाहिए। दैत्यगुरु भगवान की महिमा जान गए। उन्होंने बलि को दान का संकल्प लेने से मना कर दिया। लेकिन बलि ने कहा यदि ये भगवान हैं तो भी मैं इन्हें खाली हाथ नहीं जाने दे सकता। भगवान वामन ने अपने विराट स्वरूप से एक पग में बलि का राज्य नाप लिया एक पैर से स्वर्ग का राज नाप लिया। बलि के पास कुछ भी नहीं बचा। तब भगवान ने कहा तीसरा पग कहां रखूं। बलि ने कहा मेरे मस्तक पर रख दीजिए। जैसे ही भगवान ने उसके ऊपर पग रखा राजा बलि पाताल में चले गए।



## केबाईसी के नाम पर गरीबों के हक पे डाल रहे डांका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



देश व प्रदेश की सरकार गरीबी रेखा कार्ड धारियों को निःशुल्क राशन दे रही है लेकिन कमीशन खोर अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से सेल्समैन गरीबों के हक पे डांका डाल रहें हैं।

ऐसा ही कुछ मामला नारायणगंज विकासखंड की राशन दुकानों पर देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के सेल्समैन अधिकारियों की मिलीभगत से केबाईसी के नाम पर कार्ड धारियों को राशन नहीं दे रहें है। जानकारी मिली है कि खैरी और पड़रिया की राशन दुकान का सेल्समैन केबाईसी के नाम पर राशनकार्ड धारियों के साथ काल बाजारी करते हुए राशन नहीं दे रहा है। राशनकार्ड धारी ने बताया में अपना राशन लेने दुकान गया था लेकिन सेल्समैन द्वारा मुझ से कहा गया कि तुम्हारी केबाईसी नहीं हुई है इस लिए तुम्हारा राशन नहीं आया है जब ऑनलाइन चैक किया तो राशन आया है। लेकिन सेल्समैन द्वारा मेरे जैसे बहुत से कार्ड धारियों को राशन नहीं दिया जा रहा है। आप अंदाजा लगा सकते है कि खैरी व पड़रिया राशन दुकान के सेल्समैन द्वारा किस कदर राशनकार्ड धारियों के साथ काला बाजारी की जा रही है।

सेल्समैन ने दुकान चलाने के लिए अपने खर्चे पर एक कर्मचारी रखा है जो दुकान में राशन वितरण एवं ऑनलाइन का कार्य करता है।

उक्त प्रकरण की जनकारी आवेदन के माध्यम से खाद्य निरीक्षक को दी जा चुकी है ।

अब सवाल उठता है कि ऐसे भृष्ट लोगो पर कार्यवाही हो पाएगी या फिर हमेसा की तरह अभय दान देकर आगे भ्रष्टाचार करने छोड़ दिया जाएगा।

**निरीक्षण** | **प्रत्येक बैगा तक पहुंचकर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करें-डॉ. सिडाना।**

# पीएम जनमन अभियान के तहत शिविरों का अवलोकन

*** कलेक्टर ने किया ग्राम मांद तथा बंजी का निरीक्षण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के तहत बिछिया विकासखंड के ग्राम मांद तथा बंजी में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बैगा परिवार तक पहुंच करें तथा वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करें। कोई भी बैगा शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस दौरान कलेक्टर ने शिविर में किए गए पंजीयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा बैगाओं को योजना से संबंधित ब्रोसर प्रदान किया।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक बैगा का जाति प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड बनवाने की कार्यवाही जल्द पूर्ण करें तथा 15 जनवरी तक सभी बैगाओं को आयुष्मान, जनधन खाता, पात्रता पर्ची, किसान सम्मान निधि, वनभूमि पट्टा, आहार अनुदान आदि योजनाओं से आच्छादित करें। आवश्यकतानुसार लोकसेवा केन्द्रों का भी सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने बैगाओं को सिकलसेल बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए सभी को जांच कराने के लिए प्रेरित किया। आयोजित शिविर में 9 हितग्राहियों के आधार कार्ड, 4 लोगों के जाति प्रमाण पत्र, 7 लोगों के आयुष्मान कार्ड, 12 के जनधन खाते, 5 के पात्रता पर्ची, 2 हितग्राहियों के किसान सम्मान निधि तथा 3 महिलाओं के आहार अनुदान से संबंधित कार्यवाहियां की गई। इस दौरान एसडीएम बिछिया सर्जना यादव, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### छविलाल को मिलेगा किसान सम्मान निधि का लाभ

मांद में आयोजित शिविर में छविलाल ने कलेक्टर को बताया कि आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण उसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिविर में ही छविलाल के आधार को अपडेट करने की कार्यवाही की गई। कलेक्टर डॉ. सिडाना ने उपस्थित लोगों को बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड का अपडेट होना जरूरी है। डॉ. सिडाना ने बैगा परिवारों से प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली।

### हर घर में टोंटी लगाएं, सड़क की मरम्मत करें

भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ग्राम बंजी में नलजल योजना की पाइपलाईन टूटी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घरों में टोंटी लगाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार बंजी की सड़क को सुधारने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने स्कूल, आंगनवाड़ी, मध्यान्ह भोजन, स्व सहायता समूहों की आर्थिक गतिविधियां आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

## मेकल स्पोर्ट्स क्लब मण्डला ने किया खिताब पर कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित 51वे प्रिंस कप 20-20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला महिष्मति स्पोर्ट्स मंडला और मेकल स्पोर्ट्स क्लब के बीच खेला गया जिसमे आज के शुभारम्भ अवसर पर फाइनल मैच की मुख्यातिथि केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन (मण्डला विधायक) श्रीमती सम्पतिया उइके जी के करकमलो द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर टॉस के बाद प्रारम्भ किया गया। जिसमे महिष्मति स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैशला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए महिष्मति स्पोर्ट्स मण्डला ने निर्धारित 20-20 ओवरो के इस मैच में 8 विकेट खोकर 156 रन बनाये जिसमे महिष्मति स्पोर्ट्स मण्डला की ओर से बल्लेबाजी में चंद्रेश बर्मन ने 46 रन आशु श्रीवास्तव ने 31 रन धर्मेंद्र पून्हा ने 28 रन शक्ति सोनी ने नाबाद 22 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। मेकल स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी में सुचि उपाध्याय ने 3 विकेट कमल त्रिपाठी ने 2 विकेट प्रभात संस्कार और बसंत ने 1-1 सफलता अर्जित की। 157 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेकल स्पोर्ट्स क्लब ने इस मैच को साहिल लोधी की बेहतरीन बल्लेबाजी के चलते 5 विकेटों से जीत लिया। मेकल स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी में साहिल लोधी ने नाबाद 74 रन मानी साहू ने 26 रन मानव शर्मा ने 21 रन और प्रांजल सिरशाम ने नाबाद 16 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। महिष्मति स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी में कमलेश ने 2 विकेट और संतोषी यादव ने 1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार मेकल स्पोर्ट्स क्लब ने इस फाइनल मैच को 5 विकेटों से जीतकर 51वें प्रिंस कप के खिताब पर कब्ज़ा किया। इस फाइनल मैच के मैंन ऑफ़ द मैच साहिल लोधी रहे। प्रतियोगिता में बेस्ट बैट्समैन अनुज परमार रहे। बेस्ट बॉलर जयंत अवस्थी बेस्ट फील्डर अनमोल मिश्रा एवं मैंन ऑफ़ द सीरीज चंद्रेश बर्मन रहे। फाइनल मुकाबले के निर्णायक मयंक अग्रवाल और बंटी भांगरे रहे स्कोरर विशाल कछवाहा एवं कमेंट्रेटर तेरा तिवारी रहे। समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि मण्डला पूर्व विधायक डॉ. शिवराज शाह के द्वारा पुरुस्कार वितरण कर खिलाड़ियों को अपने आशीर्वचन के साथ किया। साथ में राजेश पाठक, अनिल सोनी, पटेल, आशीष मरावी, मिश्रा माशाहब, राजेंद्र तिवारी रहे। समापन समारोह के अंत में शिवराज शाह के द्वारा प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब को आगामी प्रतियोगिता के लिए नई क्रिकेट मेट प्रदान की गई एवं मण्डला का गौरव बढ़ाने वाली महिला क्रिकेटर सूचि उपाध्याय को एक क्रिकेट किट प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप

### सांईखेड़ा क्षेत्र में कागजों के भरोसे चलते हुए नजर आ रही आंगनवाडी संबंधित योजनाएं

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्देश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है,मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं व बच्चों को नही मिल पा रहा है? जबकि महिला बाल विभाग के माध्यम से संचालित होने वाले इन योजनाएं के नाम पर सरकार द्वारा प्रति वर्ष करोडो रूपए खर्च कर जन हितैषी योजनाए बनाती है मगर वह योजनाएं मात्र कागजो तक ही सीमित होने के चलते शासन की राशि बर्बाद ही होते हुए दिखाई देने लगी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न तो पौष्टिक आहार मिल पा रहा है और न पढाई की सुविधा मिल रही है। वही दूसरी ओर गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी कोसो दूर दिखाई देने के साथ साथ मात्र कागजों पर चलते हुये देखने मिल रहा है? जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्णरूप से होती रहती है, जिसके चलते ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, केंद्र प्रभारियों की सांठ गांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल होना आम चर्चा बन चुका है? इस प्रकार से अनेक केंद्रों पर मनमर्जी इस प्रकार से देखने मिलती रही है कि आंगनबाडी केंद्र कब खुलते है और कब बंद होते है और इन केन्द्रो पर कितने बच्चे पढ़ाई करने के एलि पहुंचते है, जबकि कागजों के हिसाब से दर्ज संख्या के अनुसार बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति दिखाई देने से नही चूकती है, वही अधिकारियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण सिर्फ शासकीय गाड़ियों में घूमते हुए औपचारिकत पूर्ण ही देखने मिलता है?

### ठंड के बीच क्षेत्र में कबूतरों का शिकार करने वाला गिरोह सक्रिय

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वन्य प्राणियों का शिकार करने में माहिर तत्व लगता है लगता है कि उन पंछियों की जाने लेने पर तुले हुए हैं जो अपनी उड़ान और चहक से माहौल को खुशनुमा बनाते हैं और जिनकी उपस्थिति प्राकृतिक संतुलन बनाने के लिये जरूरी रहती है, सूत्रों के मुताबिक विगत दिनों हुई क्षेत्र में ओलाबारी व इस समय चल रहे मौसम के कारण जंगली पहाड़ी इलाकों से झुंड के रूप में कबूतर शहर सीमा में आ रहे हैं। आमतौर पर सड़कों के किनारे लगे पेड़ों, टेलीफोन या बिजली के तारो पर शांति के प्रतीक कबूतर बैठे रहते हैं ,सुबह के वक्त और ढलती साँझ में इन कबूतरो की मौजूदगी लोगों को भली भांति दिखाई देने लगती है, परन्तु देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा इनका शिकार करने या फिर इन्हे पकड़ने से नही चूक रहे है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो वनविभाग की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत से युवकों द्वारा चन्द पैसों की लालच में इन कबूतरों का शिकार किया जा रहा है। जनचर्चाओं से मिल रही जानकारियों के अनुसार कुछ लोग कबूतरों के मांस के शौकीन होते हैं जो लकवा ग्रस्त मरीजो को इस निरीह पक्षी के खून की चाहत होती है, इसलिये यहाँ कबूतरों के शिकार की प्रवृत्ति बढ रही है? उल्लेखनीय है कि कबूतरों को मारने के लिये गुलेल का प्रयोग किया जाता है, जिसके कारण उनके शिकार के मामले चर्चित नहीं हो पा रहे हैं किंतु प्रशासन से अपेक्षित है कि वह पक्षियों के शिकार पर बंदिश लगाने की पहल करें।

### मासूम पेट की खातिर चल रहे है रस्सियों पर

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर शासन द्वारा बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जा रही है, यदि उन योजनाओं को सही रूप से अधिकारियों द्वारा अमली जामा पहनाये जाने लगे तो निश्चित तौर से मासूम बच्चों का भविष्य बदल सकता है?

## निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास एकांकी मार्ग

# आये दिन बन रही है जाम की स्थिति






### गन्ना ट्रालियों से लेकर अन्य बड़े वाहनों को निकालने में काफी समय तक करना पड़ता है

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर के रेल्वे स्टेशन के समीप बीते हुये लगभग बीते हुये पांच साल से भी अधिक समय से बन रहा ओबर ब्रिज जहां निर्माण के दौरान ही गिर जाने के कारण अपनी चर्चाओं में बनने के बाद अब आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है? यदि समय रहते हुये जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित तौर से किसी दिन बड़ी घटना का कारण साबित होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार मांग किये जाने के बाद जब इस रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण की घोषणा हुई तो क्षेत्रवासी खुशी के मारे फूले नही समा रहे थें। मगर करोड़ो की लागत से बनने जा रहे इस ओबर ब्रिज का जब इसका निर्माण शुरू हुआ तो उसकी गुणवत्ता को लेकर शुरूआती तोर से है सबाल खड़े होना शुरू हो चुगे थें। मगर इसके बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस तरह देखने मिला कि जब इस ब्रिज की एपरोज रूपी दीवारे बनकर तैयार हुई थी तो उसमें लगे हुये पत्थर चीपों का आड़ा तिरछा होने शुरू हो जाने से यह अनुमान स्पष्ट रूप से लगने लगा था कि निश्चित तौर से इस ब्रिज की दीवारे गिरने से नही बच पायेगी और इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा जब प्रमुखता के साथ उजागर किया गया कि दूसरे दिन हरिभूमि की खबर पर निर्माणधीन ओवर ब्रिज की दीवारे ने धराशायी होकर गुणवत्ता की सच्चाई पर पुष्टि की मुहर लगा डाली थी? इस तरह शुरूआती तोर से ही अपनी गुणवत्ता को लेकर चर्चाओं में आ चुके ओवर ब्रिज की दीवार गिर जाने के बाद अनुमान लग रहा था कि शायद अब जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इसकी गुणवत्ता की सुक्षमता के साथ जांच करते हुये संदिग्ध बने हुये ओवर ब्रिज का गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराया जावेगा। मगर देखा जा रहा है कि निर्माण कार्य करने वाले कंपनी द्वारा जिस तरह क्षतिग्रस्त हुई दीवार को मात्र तोड़कर संदिग्ध स्थिति में पहुंच चुके हुये शेष भाग की लीपापोती करते हुये उसे तैयार किया गया है उसके चलते निश्चित तौर से करोड़ो की लागत से बनने जा रहे इस ओबर ब्रिज की लम्बी उम्र की कल्पना करना बेमानी साबित होने से नही चूक पायेगी? क्योंकि जिस तरह बीते हुये वर्ष अगस्त माह 2020 में निर्माणाधीन दीवार ने गिरते हुये संपूर्ण निर्माण कार्य को कटघरे में खड़ा किये जाने के बाद भी उसका अधिकारियों द्वारा नया निर्माण कार्य कराये जाने की जगह मात्र क्षतिग्रस्त भाग का सुधार कार्य करने के बाद निर्माण कराया जा रहा है वह निश्चित तौर से अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक पा रहा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष इस निर्माणाधीन ब्रिज की जो दीवार गिरी हुई थी और उतने की भाग का पुनः निर्माण किया गया है उसके पत्थर आज भी पूर्व की तरह आडे तिरछे दिखाई देने से नही चूक पा रहे है तथा ब्रिज के पास गुजरने वाले लोगों के दिलों में दहशत पैदा करते हुये देखे जा रहे है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो निर्माण कार्य करने वाले कंपनी द्वारा यहां से गुजरने वाले वाहनों के लिये मात्र एक ही ओर से आने जाने के लिये जिस तरह जगह उपलब्ध कराई गई है वह परेशानी कारण बनने से नही चूक पा रही है? क्योंकि इस निर्माणाधीन ब्रिज की लम्बाई अधिक होने के कारण आने जाने वाले वाहनों के लिये एकांकी मार्ग ही उपलब्ध रहने की स्थिति में जब कोई बड़ा वाहन प्रवेश कर जाता है तो सामने से आने वाले वाहन को निकलने के लिये कोई जगह उपलब्ध नही रहने की स्थिति में यहां पर जाम लगना आम बात हो गई है। इस समय सबसे अधिक परेशानी उन किसानों को झेलने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है जो अपने ट्रेक्टर ट्रालियों में गन्ना भरकर शुगर मिलों को ले जा रहे है। जब यहां से गन्ने से भरा हुआ ट्रेक्टर निकलता है तो उसकी गति धीमी रहने के कारण निकलने में काफी समय लगता है जिसके चलते जाम की स्थिति बनना आम बात हो चुकी है। इस तरह निर्माणाधीन ब्रिज के पास आने जाने वाले वाहनों के लिये मात्र एक ओर से रास्ता उपलब्ध होने के कारण अधिकांश भारी भरकम वाहन नगर के अंदर से गुजरते हुये आमजन के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक रहे है? जबकि नियम के अनुसार तो यह होता है कि जब किसी बड़े पुल या ब्रिज का निर्माण कार्य चलता है तो संबंधित निर्माण कार्य करने वाले कंपनी को उस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों के लिये शुगमता पूर्ण मार्ग उलब्ध कराये जाने की जिम्मेदारी होती है? मगर यहां पर तो देखा जा रहा है कि निर्माण कार्य करने वाले कंपनी की मनमानी के चलते जहां क्षेत्र के किसान व आमजन बीते हुये तीन वर्षो से इस परेशानी को झेलते हुये देखे जा रहे है। मगर इस ओर न तो कोई अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही अन्य जिम्मेदारों द्वारा जिसके चलते यहां पर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की मनमानी किसी दिन बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पायेगी? कुछ इसी तरह का हाल रेलवे पुल के उस पर मुख्य मार्ग का देखने मिल रहा है जहां पर सड़क के आजू बाजू में निकले हुये गड्ढो को भरे नही जाने से गन्ना की ट्राली पूर्णरूप से झूला झूलते हुये निकलकर आसपास से गुजरने वाले लोगों के लिये खतरा पैदा करते हुये देखी जा रही है।

## नपा की सड़कों से मवेशी हटाने की मुहिम पड़ी ठंडी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर की सड़को पर घूमने वाले आवारा पशु निश्चित तौर से नगरवासियों के लिये सिर दर्द बनने से नही चूक पा रहे है। क्योंकि नगर के प्रमुख चौराहों से लेकर आम रास्तों पर बैठे रहने वाले यह आवारा पशु जहां सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण साबित हो रहे है तो दूसरी ओर नगर के सब्जी बाजार से लेकर दुकानदारों को परेशान करने से नही चूक रहे है। इस प्रकार से सड़को पर घूमने वाले आवारा पशुओं को लेकर बीते हुये कुछ समय पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर से बाहर करने के लिये मुहिम छेड़ते हुये लोगों की नजरों में वाही वाली लूटने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी च। मगर नगर पालिका प्रशासन की यह मुहिम मात्र चार दिन की चांदनी फिर अधियारी रात ही साबित होते हुये जान पड़ रही है। जिसका परिणाम है कि दिन रात सड़को पर डेरा जमाये रहने वाले इन पशुओं के चलते लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है तो रात के समय स्थिति भयानक रूप लेने से इसलिये नही चूक पाती है कि जब अचानक लाईट चली जाती है उस दौरान जब वाहन चालक निकल रहा होता है तो सड़को पर बैठे हुये यह पशु नजर ही नही आते है और सड़क दुर्घटना का कारण बन जाते है। इस तरह आवारा पशुओं के कारण घटित हुई घटनाओं पर नजर डाली जावे तो जहां अनेक लोग घायल हो चुके है और अनेक लोगों की जाने भी जा चुकी है? मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान ही नही दिये जाने का परिणाम है कि सड़को पर घूमने वासले इन आवारा पशुओं की संख्या में दिनों दिन लगातार बढ़ोत्तरी का आलम बनते चला जा रहा है।

## गाडरवारा अनुविभाग के सभी थानों के अपराधों का 2024 में खाता खुला आबकारी अधिनियम के मामलों से तो वर्ष 2022 की अपेक्षा 2023 में देखने मिला अपराधिक रिकार्ड

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि कोई भी धंधा हो या फिर शासकीय कार्यालय की बोहनी किस कार्य से होती है उस पर निश्चित ही लोगों की नजर रहने से नही चूक पाती है? कुछ इसी तरह की सच्चाई पुलिस थानों में हर वर्ष दर्ज होने वाले रिकार्डो पर भी गौर किया जाता है कि आखिरकार पुलिस थाने में नये वर्ष की शुरूआत किस श्रेणी के अपराध से हो रही है। इस तरह नया वर्ष 2024 शुरू होने के चलते क्षेत्र के पुलिस थानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो सबसे बड़े थाने गाडरवारा सहित अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले सांईखेड़ा, चीचली, डोगरगांव के आलवा समीपस्थ पलोहा पुलिस थाने में वर्ष 2024 का खाता जहां आवकारी एक्ट के मामलों से खुला तो दूसरी ओर रेल पुलिस थाना गाडरवारा में पहला मामला चोरी की घटना से शुरू होकर दर्ज हुआ। वही दूसरी ओर देखा जावे तो नये वर्ष की शुरूआत होते ही नगर में जिस तरह नंदी ने अचानक छलांग लगाते हुये अंकों के खेल में जो इजाफा किया जा रहा है वह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ समीपस्थ ग्राम पिठहरा के पास 52 पत्तों खेल की जम रही महिफल निश्चित तौर से पुलिस की लिये चुनौती बनने साथ साथ कुछ पुलिस कर्मियों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है? हालत यह बनते हुये देखी जा रही है कि नगर में अब सटोरियों द्वारा अपना कारोबार फैलाने के लिये जिस तरह लस्सी विक्रय करने




की तर्ज पर टेबिले सजाते हुये इस कारोबार को अंजाम देने की चर्चाये सुनाई पड़ रही है वह इस बात का संकेत देने से नही चूक रही है कि शायद अब नंदी के आर्शीवाद के चलते जिम्मेदारों से लेकर खाकी का संरक्षण नंदी की छलांग में अपना योगदान देने से नही चूक रहे है..? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने मगर वर्ष 2024 की शुरूआती तौर से ही नगर की लगतार बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था और अवैधानिक कृत्यों बढोत्तरी होते हुई दिखाई पड़ना चिता का विषय बनने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर शांति प्रिय माने जाने वाले हमारे नगर में को विहार प्रांत जैसी स्थिति में अग्रसर होने का अहसास दिलाने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर नगर सहित क्षेत्र के गांवों में चल रहे शराब के अवैध कारोबार की सच्चाई पुलिस थानों का रिकार्ड ही उजागर करते हुये देखा जा रहा है जहां पर सभी पुलिस थानों के रिकार्ड की शुरूआत आवकारी एक्ट से होते हुये देखी जा रही है। वही शराब के अवैध कारोबार को लेकर इस समय सांईखेड़ा थाना संपूर्ण जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है और पुलिस द्वारा इस अवैध कारोबार पर अंकुश कसने असफल होते हुये जान पड़ रही है? इसी प्रकार से समीपस्थ पलोहा पुलिस थाना सहित गाडरवारा अनुविभाग के सभी पुलिस थानों में नये साल में दर्ज होने वाले अपराधों की शुरूआत 34 आवकारी एक्ट से हुई है। वही दूसरी ओर बीते हुये वर्ष 2022 में पुलिस थाना क्षेत्रों में घटित हुई अपराधों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो गाडरवारा पुलिस थाने में वर्ष 2023 में कुछ बढ़ोत्तरी देखने मिली है। क्योंकि वर्ष 2022 में जहां पुलिस थाने में अपराध दर्ज होने का रिकार्ड 1050 को पार कर गया था मगर वर्ष 2023 में 1140 अपराध दर्ज हुये है। वही अन्य थानों में कुछ इसी प्रकार का हाल देखने मिला है। क्योंकि वर्ष 2022 में जहां सांईखेड़ा पुलिस थाने में कुल 448 अपराध थे मगर वर्ष 2023 में यहां 440 मामले दर्ज हुये तो चीचली पुलिस थाने में वर्ष 2022 में 321 मामले दर्ज हुये थें तो 2023 में 340 मामले दर्ज हुये तथा डोगरगांव पुलिस थाने में तहां वर्ष 2022 में 200 मामले दर्ज हुये थें तो वर्ष 2023 में कुल 223 मामले दर्ज हुये है। इसी प्रकार से पुलिस थाना पलोहा पुलिस थाने में वर्ष 2022 में कुल 205 मामले दर्ज हुई थें तो वर्ष 2023 में 222 मामले दर्ज हुये। इस तरह से देखा जावे तो गाडरवारा पुलिस थाना में वर्ष 2022 की अपेक्षा 2023 में 90 मामले अधिक दर्ज हुये। इसी प्रकार से सांईखेड़ा पुलिस थाने में वर्ष 2022 की अपेक्षा वर्ष 2023 में कमी देखने मिली है तथा चीचली पुलिस थाने में वर्ष 2022 की अपेक्षा 2023 में 19 मामले अधिक तथा डोगरगांव पुलिस थाने में वर्ष 2022 की अपेक्षा वर्ष 2023 में बढोत्तरी देखी गई है। इसी प्रकार से पलोहा पुलिस थाने में वर्ष 2022 की अपेक्षा वर्ष 2023 में 17 मामले अधिक दर्ज हुये है। इस तरह जहां गाडरवारा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले सभी पुलिस थानों में वर्ष 2022 की अपेक्ष वर्ष 2023 में सांईखेडा को छोड़ अन्य सभी थानों बढ़ोत्तरी देखने मिली है। वही रेल पुलिस थाने में वर्ष 2023 में कुल 290 मामले दर्ज हुये है। वही नये वर्ष में पुलिस थानों में खाता खुलने का रिकार्ड देखा जावे तो जहां गाडरवारा सहित सभी पुसि थानों में 34 आवकारी एक्ट के साथ हुआ है।

## नगर सहित क्षेत्र में धडल्ले से बिक रही विदेशी सिगरेट को लेकर प्रशासन की उदासीनता पर खड़े हो रहे सवाल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



इस समय जिस प्रकार से म.प्र. शासन के आदेश पर पूरे प्रदेश में शुद्व के लिये युद्व मुहिम चलाते हुये जहां खाद्य विभाग द्वारा लगातार छापेमार कार्यवाही की जा रही है, वही दूसरी ओर अधिकारियों द्वारा शासकीय चिकित्सालय व शासकीय शिक्षण संस्थाओं की 100 मीटर के अंदर आने वाली परधी में तम्बाखू युक्त सामग्री विक्री पर अंकुश लगाने के लिये बीते हुये दिनों कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये देखा गया था? मगर प्रशासन द्वारा की जाने वाली इस कार्यवाही के दौरान जिस प्रकार से अधिकारियों द्वारा जिस सच्चाई को नजर अंदाज किया जा रहा है उसे लेकर संपूर्ण शासन प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? क्योंकि शुद्व के लिये युद्व मुहिम पर की जाने वाली कार्यवाही तो ठीक है, मगर नगर सहित क्षेत्र के अनेक दुकानों पर इस प्रकार की सामग्री भी धडल्ले से बिकते हुये देखी जा रही है जो नियम विरूद्व होने के साथ साथ युवाओं की जिन्दगी को बर्बाद करने से नही चूक रही है? बताया जाता है कि इस समय नगर सहित क्षेत्र की अनेक पान दुकानों सहित अन्य सामग्री की दुकानों पर जिस प्रकार से विदेशी सिगरेटों की बिक्री होते हुये देखी जा रही है वह नियम विरूद्व बताई जा रही है। क्योंकि किसी भी विदेशी माल का विक्रय करने के लिये अनेक प्रकार के मापदंडो का पालन करना जरूरी होता है, मगर इसके बाद भी नगर सहित क्षेत्र में धडल्ले से इस प्रकार विदेशी सिगरेटों की भरमार देखने मिल रही है, जिसके चलते विदेशी सिगरेटों की लत के आदि हो चुके युवा अपना शोक पूर्ण करने के चक्कर में इन महंगी सिगरटों के चक्कर में अपनी जिन्दगी बर्बाद करने के साथ साथ लुटने से भी नही चूक रहे है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या नगर में इस प्रकार से पान दुकानों सहित अन्य दुकानों पर इस प्रकार से विदेशी माल विक्रय करने की अनुमति प्रदान की गई है जिसके चलते वह धडल्ले से इस प्रकार विदेशी सिगरेटों का विक्रय करते हुये देखे जा रहे है? वही दूसरी ओर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो सबाल यह भी पैदा होने से नही चूक रहा है कि विदेशी सिगरेटों के नाम पर अनेक ब्रांडो की यह सिगरेटे क्या सही रूप से उसी ब्रांड की होती है जिसके नाम पर विक्रय की जा रही है, या फिर विदेशी व ब्रांड के नाम पर मात्र युवाओं की जिन्दगी बर्बाद करते हुये उनकी जेबों पर डाका ही डालने का कार्य किया जा रहा है अब सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने? मगर नगर में धडल्ले से विक्रय होते हुये देखी जा रही इन विदेशी सिगरेटों की सच्चाई को लेकर जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा चुप्पी साधी जा रही है उसके चलते शासन द्वारा चलाये जा रहे शुद्व के लिये युद्व पर अपने आप ही सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? क्योंकि खाद्य सामग्री से अधिक इस प्रकार से विदेशी ब्रांडों के नाम पर विक्रय होने वाली यह सिगरेटे जहरीली साबित होने से नही चूक रही है जो निश्चित तौर से मानव जीवन पर विपरित असर डालते हुये दिखाई दे रही है, वही दूसरी ओर उनका निर्धारित ब्रांड के नाम पर कहा तक सही है इस बात का भी किसी को पता नही होने के बाद भी प्रशासन द्वारा कार्यवाही को लेकर नजर अंदाज किया जाना चिंता जनक सच्चाई को उजागर करते हुये दिखाई देने लगा है?

### एटीएम के आभाव में परेशान हो रहे खुलरी क्षेत्रवासी

**खुलरी।** जहां एक ओर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को लाभ बैक के माध्यम से प्राप्त हो जिसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके और हर व्यक्ति शासन की योजना का लाभ अपने खाते के माध्यम से ले सके। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि खुलरी क्षेत्र में स्थित बैक द्वारा अभी तक एटीएम की सुविधा प्रदान नही किये जाने के कारण लोगों को अपने खातों से राशि निकालने के लिए भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है?




## बिजली विभाग की उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन घटित होती है

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा लोगों को बिजली प्रदान करने के नाम पर बिलों की बसूली करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है, वही दूसरी ओर सरकार द्वारा हर वर्ष बिजली विभाग को लाईनों में रख रखाव के नाम पर भी करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा बिजली लाईनों के रख रखाव में बरती जा रही उदासीनता के चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो जिस प्रकार से वर्षो पुरानी लाईनों के माध्यम से बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेतो से लेकर गांवों में बिजली सप्लाई की जाती है उसके चलते आये दिन लाईनों में खराब होने के कारण जहां लोगों को अघोषित बिजली का संकट झेलने के लिये मजबूर होते हुये तो देखा ही जाता है। वही दूसरी ओर किसानों के खेतों से लेकर गांवों में वर्षो पुराने बिजली तार जिस प्रकार से झूला झूलते हुये देखे जाते है उसके चलते जब जरा सी हवा चलती है तो वह चिग्गारी छोड़ने से नही चूकते है, इसी का परिणाम है कि हर वर्ष सैकड़ो किसानों की खेतों में खड़ी हुई फसल जहां जलकर खाक हो जाती है। वही गांवों में लोगों के आशियाने भी जलने से नही बच पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सांईखेड़ा क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर गांव के अंदर लगी हुई बिजली लाईन की स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि लोगों के घरों के ऊपर बिजली तार झूला झूलते हुये नजर आने के साथ किसी बड़ी घटना को आमंत्रण देते हुये जान पड़ रहे है? इस प्रकार से ग्राम के अंदर लोगों के घरों के ऊपर से खस्ता हाल स्थिति में झूल रहे तारों से आये दिन हवा चलने के दौरान चिंगारी निकलते हुये देखी जाती है वही ग्रामवासियों की जिन्दगी के लिये पूर्णरूप से खतरे की घंटी बजाने से भी नही चूक रहे है, जिसको लेकर ग्राम के लोगों द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाते हुये मांग की गई है कि समय रहते हुये इन झूला झूलते हुये बिजली तारों में सुधार करते हुये ग्रामवासियों के बीच पैदा हो रही दहशत को समाप्त किया जावे।

**खबर संक्षेप**

### रामसेवक घर-घर जाकर दे रहे आमंत्रण



**शहपुरा –** श्री राम मंदिर अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण शहपुरा नगर के बजरंग दल पदाधिकारी एवं सदस्य अयोध्या से आये हुऐ पूजित अक्षत कलश से शहपुरा नगर में आमंत्रण दिया गया सभी श्रद्धालुओं को बताया गया कि अपने-अपने घरों सहित मंदिरो में 22 जनवरी को श्रीराम जी की प्राण-प्रतिष्ठा होंने के उपलक्ष में श्री राम नाम की ज्योति अवश्य जलाएं निमंत्रण पत्र अक्षत वितरण करते हुए अयोध्या से आये हुऐ पूजित अक्षत कलश नगर में आमंत्रण दिया गया सभी श्रद्धालुओं को बताया गया अपने अपने-अपने घरों में मंदिरो में 22 जनवरी को श्रीराम जी की प्राण-प्रतिष्ठा होंने के उपलक्ष में श्री राम ज्योति श्री राम भक्तों श्री राम सेवकों के द्वारा अपने घरों में स्वागत किया जाता है अवश्य जलाएं इस दौरान लवकेश बडगैया पार्षद सुरेन्द्र साहू रविश साहू प्रतिक तिवारी निखिल साहू नागेंद्र चौहान म साहू आशीष शिवम बरमैया सुदेश तिवारी उपस्थित रहे।

### कैंप आयोजित कर उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को दिए जा रहे गैस कनेक्शन

**डिण्डोरी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्राद्द कार्यक्रम के अंतर्गत डिंडोरी जिले में रूट चार्ट के अनुसार कैम्पों में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत EKYC एवं कनेक्शन वितरण हेतु 16.12.2023 से 04.01.2024 तक 171 कैम्पों का आयोजन किया गया है जिसमे 1377 उपभोक्ताओ से संपर्क किया जाकर ekyc फ़ार्म भरवाए गए तथा 1236 ekyc फ़ार्म पात्र पाए जाने पर गैस एजेंसियो द्वारा ekyc क्लियर की गई एवं कैम्पों में 286 प्रधानमन्त्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओ को गैस कनेक्शन प्रदाय किये गए। जिला पंचायत डिंडोरी द्वारा जारी किये गए रूट चार्ट के अनुसार निर्धारित दिनांक पर लगाये गए कैम्पों में सम्बंधित क्षेत्र की गैस एजेंसी के संचालको द्वारा उज्ज्वला योजना का कैम्प किया जा रहा है। पात्र उपभोक्ताओ के फ़ार्म भरवाकर ऑनलाइन जांच प्रक्रिया की जा रही है एवं अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा रहा है(

## डिंडोरी आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

# मोटे अनाज का महत्व बताने कश्मीर से कन्याकुमारी की साइकिल यात्रा

**डिण्डोरी।** हरियाणा सोनीपत के रहने वाले युवा नीरज कुमार प्रजापति गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र डिंडोरी पहुंचे। वे मोटे अनाज का महत्व बताने के साथ ही इस विषय पर जागरुकता को लेकर 1 दिसम्बर को कश्मीर के लाल चौक श्रीनगर से साइकिल यात्रा पर निकले हैं, 31 जनवरी को कन्याकुमारी पहुंचने का लक्ष्य है। नीरज गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष' के रूप में घोषित किया है। इसका उद्देश्य बदलती जलवायु परिस्थितियों में मोटे अनाज से पोषण और स्वास्थ्य लाभ और इसकी खेती के लिए उपयुक्तता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसी उद्देश्य को लेकर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक रहने वाले लोगों और किसानों को मोटे अनाजों से मिलने वाले पोषण और स्वास्थ्य लाभ और इसकी खेती के लिए उपयुक्तता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसी उद्देश्य को लेकर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक रहने वाले लोगों और किसानों को मोटे अनाजों से लाभ और पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए साइकिल यात्रा पर निकले है। शहडोल से यात्रा प्रारम्भ कर आज गुरुवार की शाम को कृषि विज्ञान केंद्र डिंडोरी



पहुंचने पर केंद्र प्रमुख डॉ. हरीश दीक्षित, प्रिया कृषि अनुसंधान केंद्र के प्रभारी डॉ. डीएन श्रीवास सहित समस्त स्टाफ ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद नीरज प्रजापति कलेक्ट्रेट कार्यालय डिंडोरी पहुंचने पर कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने भी फूल माला के साथ अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि डिंडोरी की लहरी बाई जो मिलेट्स की ब्रांड एंबेसडर है उनसे कल मिलने जाएंगे। इसके बाद अपने गंतव्य के लिए रवाना करेंगे। नीरज ने बताया कि यात्रा के बारे में बताया कि 4200 किलोमीटर की यात्रा में वे एक दिन में लगभग 60 से 80 किलोमीटर तक साइकिल चलाते है। सोशल मीडिया के माध्यम से घर वालों से बात करते हैं, जिससे उनके कुशलक्षेम की जानकारी मिल जाती है। नीरज ने बताया कि वे जहां भी जाते हैं। लोगों को मोटे अनाज के बारे में जानकारी देते हैं और इससे होने वाले लाभ के बारे में बताते है। पूरे भारत में जहां भी कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र है वहां जाकर अपने बारे में जानकारी देते है और वहीं रुक जाते है। नीरज केंद्र के आसपास के किसानों को मोटे अनाज से होने वाले लाभ, उपज के तरीके, भण्डारण सिंचाई की पद्धति की जानकारी दे रहे हैं।

# शहपुरा व्यापारी संघ ने विधायक ओमप्रकाश धुर्वे को दिया ज्ञापन



**व्यापारियों की टपरी ना हटाए जाने की रखी मांग**

**शहपुरा।** नगर के व्यापारियों ने नगर परिषद शहपुरा में पहुंचे शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे को समस्त व्यापारी गढ़ अपनी मांग को लेकर लिखित आवेदन दिया ज्ञापन में उल्लेख है कि नगर के समस्त व्यापारी हाथ ठेला टपरा इत्यादि में अपना जीवन यापन कर रहे हैं लेकिन शहपुरा नगर परिषद के द्वारा हम व्यापारियों के दुकानों को हटाया जा रहा है जिससे हम समस्त व्यापारी अपने जीवन यापन करने में अत्यंत कठिनाई महसूस कर रहे हैं अतः विधायक जी से यह मांग कर रहे हैं कि शहपुरा नगर के मुख्य मार्ग से 25 फीट अगल-बगल का स्थान लिया जाए जिससे कि किसी भी व्यापारी को जीवन यापन करने में कोई कठिनाई न हो सके इस दौरान शहपुरा नगर के समस्त व्यापारी गढ़ मौजूद रहे।

### शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने व्यापारियों को दिया आश्वासन

शहपुरा व्यापारी गणो ने विधायक ओम प्रकाश धुर्वे को लिखित आवेदन दिए इस उपरांत विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने व्यापारी गणों की समस्या सुनते हुए उन्हें आश्वासन दिया की शहपुरा नगर में जगह में जल्द ही स्थान चिन्हित कर समस्त व्यापारियों को स्थाई रूप से व्यवस्था किया जाएगा।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन




**डिण्डोरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन तथा माननीय नीना आशापुरे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी के मार्गदर्शन में आज गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डिण्डौरी में छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान एवं सचिव/जिला न्यायाधीश उत्तम कुमार डार्थी व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सुनील अहिरवार की उपस्थित थे।

आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए प्रथम जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि प्रत्येक बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास हेतु केवल शिक्षा ही एक मात्र साधन है। बच्चों से काम करवाना पूरी तरह प्रतिबंधित है यह बाल मजदूरी अधिनियम अंतर्गत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से मजदूरी न करवाये जाने एवं उन्हें शिक्षित किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। आयोजित शिविर में श्री खान द्वारा बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम व शिक्षा का अधिकार एवं बाल न्याय कानून में दांडिक प्रावधानों व नालसा टोल फ्री नंबर 15100, निःशुल्क विधिक सहायता के अंतर्गत जानकारी दी गई। श्री उत्तम कुमार हार्वी जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डिण्डौरी द्वारा व्यक्त किया कि बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, विकास का अधिकार संरक्षण का अधिकार, एवं यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम, 2012 एवं निःशुल्क विधिक सहायता एवं अपराध पीडित प्रतिकर योजना 2015 के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा शालात्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाये जाने के संबंध में किये गये प्रयासों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। आयोजित शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सुनील अहिरवार द्वारा बाल मजदूरी, बाल विवाह, साइबर अपराध एवं इंटरनेट का बच्चों पर क्या दुष्परिणाम होता है इस संबंध में जानकारी दी। साथ ही एन.जी.ओ जन साहस की निकिता नेमा ने बताया कि चाइल्ड लाइन महिला एवं बाल विकास की परियोजना है जो कि 18 वर्ष के बेबरा व बेसहारा बच्चों की मदद के लिए है। यह 24 घंटे चलने वाली मुफ्त आपतकालीन राष्ट्रीय फोन सेवा है। जिसका निंबर 1098 है। इस अवसर पर गरिमा केन्द्र ग्राम देवरा से जनसाहस संस्था के माध्यम से उपस्थित बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का विजिट करवाया गया। जिसमें बच्चों ने न्यायिक प्रकिया से संबंधित जिज्ञासाओं को उपस्थित न्यायिक अधिकारियों के समक्ष रखा गया जिसका न्यायिक अधिकारियों द्वारा सरल भाषा में उत्तर दिया गया। शिविर में जन साहस संस्था की जिला प्रिवेंशनिष्ट प्रियंका जी, प्रेरक कंचन उसराटे जी एवं जिला विधिक रोपा प्राधिकरण कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भाखा में व्हालीवाल प्रतियोगिता का समापन





**अमरपुर।** विकासखंड अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत भाखा माल में आदर्श क्लब नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित व्हालीवाल प्रतियोगिता में ग्रामीण स्तरीय, जिला स्तरीय, प्रदेश स्तरीय एवं अंतरराज्य स्तरीय लगभग 20 टीमों के मध्य मैच खेला गया। समापन अवसर पर हन्नु सिंह पट्टा जनपद पंचायत अध्यक्ष, देवेन्द्र साण्डया ग्राम पंचायत सरपंच, के एस तेकाम शिक्षक, देव सिंह भारती पत्रकार, नवल सिंह धुर्वे मुक्कदम, सचिन तिवारी, जयदीप दुबे, अनिल कुशराम, लल्लू बर्मन, राजू ठाकुर उप सरपंच, सेवा सिंह राजपूत सचिव, हेमंत ठाकुर सहायक सचिव, चंद्र सिंह उद्दे आयोजन समिति अध्यक्ष, तोप सिंह मरावी उपाध्यक्ष, प्रीतम दास गायग्वाल क्रीड़ा प्रभारी, मनीष गायग्वाल कोषाध्यक्ष, रोहित वनवासी सचिव, सफीक खान, प्रशांत ठाकुर, आशीष ठाकुर, रोशन विश्वकर्मा, जगदीश परस्ते, खुमान ठाकुर आदि बतौर अतिथि मौजूद रहे। सभी अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए बेहतर खेल प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी गई। इसके बाद रानी रामगढ़ (पंजाब) एवं भाखा टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया। बेस्ट ऑफ 5 के मुकाबले में रानी रामगढ़ (पंजाब) टीम ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए लगातार 3 सेट अपने नाम करते हुए भाखा टीम को परास्त कर खिताब अपने नाम दर्ज करा ली। उपस्थित अतिथियों द्वारा विजेता टीम रानी रामगढ़ (पंजाब) को 15 हजार रुपए व शील्ड उपविजेता टीम भाखा बी को 7 हजार 5 सौ रुपए व शील्ड एवं तृतीय विजेता टीम भाखा ए को 3 हजार रुपए व शील्ड प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में उदघोषक की भूमिका केजरीवाल मरकाम एवं दीपक तिलगाम ने निभाई। वहीं फाइनल मैच का सफल संचालन रेफरी के रूप में नारायण मरावी व खिलावन वनवासी ने किया। स्कोरर भी भूमिका में दीपक गायग्वाल रहे। खेल के दौरान पूरे समय तक ग्रामीणजन एवं आसपास गांवों के हजारों खेलप्रेमी भारी ठंड के बावजूद भी देर रात्रि तक मौजूद रहे और खिलाड़ियों का ताली बजाकर उत्साह वर्धन करते रहे।

# 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर

**डिण्डोरी।** कलेक्टर ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।कलेक्टर ने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन **Voter Helpline App** और **voters.eci.gov.in/** इन के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

**दो जगह मतदाता हैं तो कटवा ले नाम, हो सकती है जेल**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कई लोगों ने दो-दो जगह से अपने नाम के वोटर आईडी कार्ड बनवा रखे हैं। पुनरीक्षण अभियान के बाद अगर इस बात का खुलासा हुआ कि कोई मतदाता निर्वाचक नामावली में दो जगह दर्ज हैं तो संबंधित के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 में तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। क्या कहता है लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 में कहा गया कि निर्वाचक नामावली तैयार करने या सुधार करने से जुडा कोई भी व्यक्ति किसी तथ्य को गलत जानते हुए भी सही बताकर घोषणा करता है तो उसे एक साल का कारावास या जुर्माना अथवा दोनो की सजा हो सकती है।प्रारूप प्रकाशन में जिले की दो विधानसभा क्षेत्र शहपुरा में पुरुष मतदाताओं की संख्या 133300 महिला मतदाताओं की संख्या 133660 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 02 है। विधानसभा शहपुरा में कुल मतदाताओं की संख्या 266962 है। विधानसभा क्षेत्र डिंडोरी में पुरुष मतदाताओं की संख्या 122856 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 124502 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 11 है। विधानसभा क्षेत्र डिंडोरी में कुल मतदाताओं की संख्या 247368 है। इसी प्रकार से जिले में कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 256259 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 258042 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 13 व जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 514330 है।

# युवा जिसके हाथों में शक्ति, पैरो में गति, ह्रदय में ऊर्जा और आंखों में सपने हो-अवध राज बिलैया

### युवा मोर्चा डिंडोरी की कार्यसमिति की बैठक संपन्न





**डिंडोरी–** भारतीय जनता पार्टी जिला भाजपा कार्यालय डिंडोरी में युवा मोर्चा के जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित कि गई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश परस्ते की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

सर्वप्रथम मंचासीन सभी अतिथियों ने भारत माता, प. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व राज्य की भाजपा सरकार द्वारा नव युवाओं के कल्याण के लिए रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही आत्म निर्भर भारत के तहत युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर रही है, हम सभी युवा मोर्चा के पधाधिकारी को युवाओं को सरकार को योजनाओं का लाभ दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाना है युवा जिसके हाथो मे शक्ति, पैरो में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने हो। जैसे कि अभी हाल ही के विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिल रही जीत में भाजयुमो कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान रहा है,और पार्टी की मिली अभूतपूर्व सफलता भाजयुमो कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है आगे हमे लोकसभा के लिए भी कड़ी मेहनत कर विजयश्री दिलाएंगे। जिस प्रकार हमारी जिला टीम कार्य कर रही है अब हमे जिला के बाद मंडल को सशक्त करने की आवश्यकता है। मण्डल के सशक्त होने का अर्थात है कि मण्डल कार्यकारिणी सर्वव्यापी एवं सरवस्पर्शी हो जिसके लिए मंडल की बैठक आगामी 10 तारीख के पहले संपन्न करना है। इसके साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कार्यकर्ताओं से शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर जाकर इकाईयों को सशक्त करने का आवाहन किया।

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश परस्ते ने कहा कि हम युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ की हड्डी है, जिस प्रकार रीढ़ शरीर का अभिन्न हिस्सा है ठीक उसी प्रकार युवा मोर्चा भाजपा की ताकत है। विधानसभा चुनाव में युवा मोर्चा ने तन मन से कार्य करते हुए शहपुरा विधानसभा सीट को भाजपा के कब्जे में करने में एहम भूमिका निभाई है। हमनें प्रदेश नेतृत्व एवं हमारे जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया के द्वारा प्राप्त निर्देशों का युवामोर्चा निरंतर पालन करते हुए विभिन्न कार्यक्रम संपन्न किया है तथा आगे भी करते रहेगा। हमारा आगामी कार्यक्रम 8 जनवरी से 24 तक नमो ऐप पर विकसित भारत एंबेसडर, 24 जनवरी कोविधानसभा स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन, मंडल सशक्तिकरण अभियान,शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन कर केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन जन पहुंचना है। उक्त बैठक का संचालन जिला महामंत्री हरिहरन रजक व मंडल अध्यक्ष हिरेंद्र मरावी व आभार जिला उपाध्यक्ष कुशलराज बिलैया ने व्यक्त किया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष कुशलराज बिलैया,बलराम सिंह राठौर,कैलाश मरावी,जिला मंत्री विनय गुप्ता,सतेंद्र ठाकुर,जिला मीडिया प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा,जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक साहू, जिला सह मिडिया प्रभारी दुर्गेश सोनी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी कान्हा शर्मा, मंडल अध्यक्षगण सारंग चौकसे, सुशील यादव, शिवनारायण यादव, शुभांशु चंद्रोल,नवीन विश्वकर्मा, कान्हा शर्मा, मंडल महामंत्री रितेश उसरठे हिमांशु बर्मन, चंद्रकिशोर हरदहा, शेर सिंह ठाकुर सहित युवा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मोजूद रहें।

# चर्चा में बना डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी का विवाद

## पुलिस से की शिकायत, जांच में मामला

सरकार द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें देने के लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे है । वही कार्य करने वाले कर्मचारियों पर निगरानी करने के लिये कर्मचारी भी निर्धारित किये गये जिससे लोगो को शासन की मंशानुसार सुविधायें मिल सके ।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



परन्तु कार्य मे लापरवाही करने वाले जिम्मेदार कर्मचारी अपनी लापरवाही करने से वाज नही आते । इसी क्रम मे जिला चिकित्सालय के प्रशासनिक अधिकारी व डॉक्टर के बीच हुआ विवाद चर्चा का विषय बना हुआ है ।

### मामला इस प्रकार

जिला चिकित्सालय मे प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदस्थ्य अजीत तिवारी द्वारा अनाधिकृत रूप से डॉक्टर धीरज यादव के कक्ष पर कब्जा कर अपने नाम की नेम प्लेट लगा ली तथा कक्ष पर बैठा हुआ था जिसे देखने के बाद डॉ. यादव द्वारा पूछा गया कि आप यहां कैसे बैठे है । इसी बात को लेकर दोनो के बीच विवाद बढ़ गया और नौबत उठापटक की आ गई और मामला पुलिस के समक्ष जा पहुंचा । पुलिस मामले की जांच पड़ताल करेगी ।

### व्यवस्थायें रहती है चौपट

जिला चिकित्सालय की व्यवस्थायें अधिकांश रूप से अस्त व्यस्त रहती है । शासन की मंशानुसार लोगों को पूर्ण रूप से बेहतर सुविधायें नही मिल पा रही है । वही प्रशासन के जिम्मेदार कर्मचारी एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर विवाद मे व्यस्त है । जबकि उक्त कर्मचारियों को सरकार द्वारा लोगो को बेहतर सुविधायें देने के लिये नियुक्त किया गया । जिला चिकित्सालय मे आये दिन गंदगी सहित विभिन्न प्रकार की समस्यओं से लोगो को जूझना पड़ता है । वही जिम्मेदार इस ओर ध्यान देना ही नही चाहते है । प्रशासन को चाहिये की ऐसे लापरवाह कर्मचारियों को पर ठोस कार्रवाई कर पद से प्रथक किया जावे ।

### कार्यप्रणाली के कारण बढ़ा विवाद

सूत्रों की माने तो जिला चिकित्सालय मे पदस्थ अजीत तिवारी व डॉ. धीरज यादव के बीच कार्यो के मतभेद के कारण विवाद बढ़ा है । डॉ यादव को चिकित्सीय सुविधाओं के साथ प्रशासनिक दायित्व भी दिये गये । वही श्री तिवारी के पास जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं के प्रभार है । दोनो के बीच कार्य को लेकर पूर्व से अनबन बनी हुई थी जो लड़ाई मे बदल गई । वही पुलिस को दिये गये कथन मे डा यादव द्वारा बताया गया है कि कक्ष उनके लिये एलॉट है वही विवाद उसी कक्ष मे हुआ जहां पर श्री तिवारी की नेम प्लेट लगी हुई है । कथन डॉ यादव द्वारा कौन प्रशासनिक प्रभार है उसका उल्लेख नही किया है । जिससे मामले मे भिन्नता नजर आ रही है । अब देखना होगा कि पुलिस की जांच मे क्या सामने आता है ।

### इनका कहना है

डॉ. धीरज यादव व अजीत तिवारी के बीच विवाद हुआ है इसकी जानकारी मिली । किस बात को लेकर विवाद हुआ है यह स्पष्ट नही है । मै इसकी जांच कराता हूं ।

**डॉ. राकेश बोहरे ,**
**सीएमएचओ**

# 12ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज - करेली ।



गत दिवस करेली पुलिस द्वारा 12 ग्राम स्मैके सहित आरोपी को गिरफ्तार किया गया । उक्त संबंध में बताया गया कि प्रभात गस्त के भ्रमण के दौरान डी.एम.पैलिस के पास जाते समय पुलिया के पास एक व्यक्ति सदिग्ध हालत में खडा दिखाई जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम मोहन सिहं पटैल पिता पहुप उर्फ पोहप सिह पटैल निवासी झारखुरपा पो. बडा खुरपा थाना स्टेशनगंज जिला नरसिहपुर का रहने वाला बताया जिसके ऊपर शक होने पर विधि अनुरूप कार्यवाही संपादित कर तलाशी लेने पर पहने हुये पेंट की जेब से 12 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमती 120000/- रुपये का होना पाया गया। आरोपी से बरामद मादक पदार्थ राजस्थान से लाना बताया गया । आरोपी का कृत्य अपराध धारा- एन.डी.पी.एस. एक्ट अंतर्गत दंडनीय पाया जाने से बरामदशुदा अवैध मादक पदार्थ स्मैक कुल- 12 ग्राम कीमती 120000/ रुपये विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस में लिये गये। मोहन सिहं पटैल पिता पहुप उर्फ पोहप सिह पटैल निवासी झार खुर्पा पो. बडा खुरपा थाना स्टेशनगंज जिला नरसिहपुर विधिवत गिरफ्तार अपराध क्रमांक- 20/24 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में आशीष धुर्वे थाना प्रभारी, उप निरीक्षक- अभिषेक जैन प्रधान आरक्षक- कुलदीप सोमकुंवर, प्र. आर. शिवकुमार नौरिया सहित अन्य की भूमिका रही ।

# दिव्यांग बच्चों को बांटे कृत्रिम उपकरण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।




राज्य शिक्षा केंद्र के निदेर्शों के परिपालन एवं एलमिको टीम जबलपुर के सहयोग से विकासखंड नरसिहपुर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय के कक्षा पहली से आठवीं तक कक्षाओ के चिन्हित दिव्यांग छात्र-छात्राओं हेतु जनपद शिक्षा केंद्र नरसिहपुर में आयोजित शिविर में निशुल्क उपकरण वितरण कार्यक्रम अजीत सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद के मुख्य आतिथ्य, अजय प्रताप सिंह पटेल पार्षद एवं अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ, कंछेदी लाल पटेल उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष शिक्षा समिति जनपद पंचायत, समाजसेवी अमितेंद्र नारोलिया जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ एस के पाल के विशिष्ट आतिथ्य में मां सरस्वती जी की पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में 52 दिव्यांग विद्यार्थियों को निशुल्क उपकरण प्रदान किए गए जिसमें ट्राइसाइकिल - 03,व्हील चेयर - 06, एल्बो क्रंच - 02, सी पी चेयर - 12, रोलेटर - 02,ब्रेल किट - 02,एडी एल किट - 01 श्रवण यंत्र - 26 का निशुल्क वितरण किया गया। दिव्यांग विद्यार्थियों के निशुल्क उपकरण वितरण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एल पी गिरदौनिया द्वारा एवं बी ए सी ब्रजेश नेमा द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# जिले की 6 जनपदों की 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शुक्रवार 5 जनवरी को जिले की 6 जनपद पंचायतों की 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं आदि ने सहभागिता की। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत इमलिया व सिमरिया में विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल शामिल हुये। आयोजित शिविरों को संबोधित करते हुये कहा कि केंद्र शासन की जन कल्याण की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचे, कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित न रहे इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि यात्रा के तहत आयोजित शिविरों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ लें। विधायक श्री पटैल ने शिविर में बड़ी संख्या में आये नागरिकों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वागत, प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया। साथ ही कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 5 जनवरी को जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत डोंगरगांव (अंडिया) व खमरिया (जरजोला), जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत खापा व रोहिया पटी, जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत गरधा व निवारी, जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत कठौतिया व भुगवारा, जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत पटकुही व खला और जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत इमलिया(क.) व सिमरियाकलां पहुंची।

# किसानों की मांगों को लेकर राकिम संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

शुक्रवार को राष्टीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर गोटेगांव तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन मे बताया गया है कि विगत कुछ वर्षों से गोटेगांव तहसील में हरे मटर सब्जी का उत्पादन सीजन में आच्छी मात्रा में होने लगा है इस वर्ष भी किसानों ने में हरे मटर की फसल अधिक मात्रा मे बुआई कीर गई । जो आज बाजार में बिकने लगी हैं, लेकिन हरे मटर की सरकारी मंडी में खरीदी बिक्री ना होने से बिचौलियों और ऐजेन्टों द्वारा मंडी के बाहर जाकर खरीदी कर 5 प्रतिशत से अधिक कमीशन लेकर, एवं प्रति क्विंटल 2 से 3 किलो अधिक तौल में अधिक लेकर किसानों को ठगा जाता है और सुबह व्यापारियों द्वारा कित्तानों से सेम्पिल के माध्यम से सौदा तय किया जाता है और शाम को यदि माल की आवक अधिक हो जाती है तो व्यापारियों द्वारा सेम्पिल मैच न होना बताकर किसानों का मटर अपने मनमाने दामों पर खरीदा जाता है। जिससे मजबूरन किसानों को अपना मटर कम दामों पर बेचकर जाना पड़ता है साथ ही मंडी परिसर के बाहर खरीदी होने पर बिचौलियों द्वारा कई बार किसानों को पैसे ना देकर भाग जाने की घटनाएं भी होती रहती हैं प्रशासन से मांग की गई है कि गोटेंगांव मंडी मे खरदी कराई जावे जिससे किसानो को वाजिव दाम मिल सके । वही क्षेत्र मे खराब पड़े ट्रांसफार्मो को एक सप्ताह के भीतर बदला जावे व किसानों की समस्या का निराकरण एक सप्ताह के भीतर किया जाये समस्याओं को समाधान ना करने पर संगठन विशाल आंदोलन करने के लिये मजबूर होगा । ज्ञापन मे रामजी लोधी , रविन्द्र लोधी सहित अन्य पदाधिकरी मौजूद रहे ।



# थाने परिसीमन को लेकर बैठक



### 'सुआतला में पड़रिया, खैरी एवं गाडरवारा में निरंजन वार्ड जोड़ने पर चर्चा'

**तेंदूखेड़ा-** शुक्रवार को तहसील कार्यालय के सभागृह में पुलिस थाने के परिसीमन को लेकर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती कलावती ब्यारे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मधुर पटैरिया के द्वारा पुलिस थाने, चौकियों की सीमा निर्धारण को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों सामाजीक संगठनों एवं पत्रकारों के बीच विस्तार से जानकारी दी। वहीं चर्चा के दौरान सुआतला थाने में ग्राम पड़रिया और खैरी गांव को जोड़ने के लिए जनपद सदस्य देवराज कश्यप ने बात रखी वहीं स्वयं विधायक ने चिरहकला के आगे निरंजन वार्ड को गाडरवारा थाने में जोड़ने की बात रखी।इन ग्रामों के लोगों को वर्तमान थाना क्षेत्र काफी लंबे हैं आने जाने में परेशानी हुआ करती है। और भी ग्रामों के नाम सामने आए लेकिन उन पर एक मतेन सहमति ना बन पाने के कारण यथावत रखें जायेंगे।

**'डोभी, डोंगरगांव में पुलिस चौकी तथा ककरा घाट में पुलिस सहायता केंद्र'**

बैठक में जनपद सदस्य सूर्यकांत दिवगैंया ने बताया कि डोभी ग्राम से लगभग एक दर्जन से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर पूर्व में पुलिस चौकी का प्रस्ताव रखा गया था तत्कालीन अधिकारियों द्वारा शुरू करने के लिए पहल भी की थी। लेकिन अब यह महज सहायता केंद्र भी नहीं रह पाया है। जनसंख्या घनत्व को देखते हुए तत्काल प्रभाव से पुलिस चौकी खोली जाये वहीं बैठक में पहुंचे जिला भाजपा अध्यक्ष इं ,अभिलाष मिश्रा ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के बीच बरघटिया डोंगरगांव में सुरक्षा की दृष्टि से चौकी खोलने की बात रखी। तथा गाडरवारा तेंदूखेड़ा के बीच ककरा घाट पर आवागमन और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहने की दिशा में पुलिस सहायता केंद्र बनाए जाने के लिए प्रस्ताव भेजकर स्वीकृति के बाद प्रारंभ करने की बात रखी गई।

**'न्यायलयीन प्रक्रिया में सुआतला को तेंदूखेड़ा में जोड़ा जाये'**

बैठक के दौरान उपस्थित विभिन्न वर्गों एवं विधि क्षेत्र से जुड़े लोगों द्वारा सुआतला थाने को तेंदूखेड़ा सिविल न्यायालय से जोड़ने की पुरजोर मांग रखी। गौरतलब जब जब न्यायालय मामलों को जोड़ने की बात रखी जाती है तब तब हमेशा कुछ क्षेत्रों द्वारा खींचा तानी की स्थिति निर्मित की जाती है। तेंदूखेड़ा न्यायालय में अभी मात्र तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के मामले ही पूरी तरह से जुड़े हैं।बाकी सुआतला थाने के मामले नरसिंहपुर गाडरवारा न्यायालय में भेजा जाना दूरी के मान से न्याय संगत तो नहीं है फिर यह व्यवस्था यहां पर चल रही है इसमें बदलाव के लिए विधायक के माध्यम से विधि क्षेत्र से जुड़े सभी पक्ष पहल करेंगे। वर्तमान की व्यवस्था का तेंदूखेड़ा के अधिवक्ताओं ने ऐतराज जताया है।

**'मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर पाबंदी, और हेलमेट की हो अनिवार्यता'**

बैठक में क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने उपस्थित अधिकारियों के बीच स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अबैध मादक पदार्थों की बिक्री नहीं होने दी जाएगी इसमें हमारी युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इस पर सभी वर्गों को आगे आकर सहयोग करना होगा। जहां तहां पुलिस जांच के दौरान लोगों को जुर्माना की जगह हेलमेट मुहैया कराये जायें। चूंकि यह विषय मानवीय मूल्यों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है इसमें चालकों को स्वयं सहयोग करना चाहिए। साथ ही यह विषय भी सामने आया कि तेंदूखेड़ा पुलिस थाने में काफी लंबे समय से कुछ आरक्षक जमें हुए हैं इनका स्थानांतरण भी हो जाने के बाद अटेचमेंट लेकर बैठें हैं।

## खबर संक्षेप

### अतिक्रमण हटाए जाने ज्ञापन दिया



**करेली ।** नगर के महेंद्र सिंह किलेदार करेली की पार्षद संगीता शर्मा ने सीएमओ के नाम अतिक्रमण हटाने हेतु ज्ञापन दिया पार्षद ने कहा कि रोड बनने के पहले नाली के पास का अतिक्रमण हटाया जाए सरकारी नल के अतिरिक्त कनेक्शन बाहर छोड़ें जाएं रोड बनने के बाद जो जगह बच रही हो उस पर पेबर ब्लॉक लगाए जाएं नाली के ऊपर से अतिक्रमण हटाकर नाली को ढकने वाले कंफर्ट पर ढक्कन लगाए जाएं जिससे कोई व्यक्ति नाले के ऊपर एवं नाली के बाहर अतिक्रमण न कर सके आज संगीता शर्मा पार्षद महेंद्र वार्ड की जो रोड का निर्माण हो रहा है उसको देखने गई एवं गुणवत्ता की जांच की एवं सभी को निर्देशित किया के रोड में मटेरियल अच्छा लगाया जाए और मजबूती हो कई साल चलना चाहिए करेली नगर की कई रोड में चार-पांच महीने में गिट्टी निकलने लगी अभी नई रोड बनने के आगे वाला अतिक्रमण नगर पालिका द्वारा नहीं हटाया गया वार्ड वासियों ने पार्षद को लिखित में शिकायती की नाली के पास का सभी का अतिक्रमण हटाया जाए ।

### पौढ़ ने जहरीली वस्तु का किया सेवन

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस पौढ़ द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरिशंकर पिता दयाब उम्र 45 वर्ष निवासी वरकुण्डा थाना तेंदूखेड़ा द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

### शिक्षक संघ ने रखी 22 को सार्वजनिक अवकाश रखने की मांग

**नरसिंहपुर ।** 22 जनवरी भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के गौरवशाली दिवस पर मप्र शिक्षक संघ ने सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। संघ पदाधिकारियों ने इस आशय की बात प्रांतीय स्तर पर भी सीएम डा. मोहन यादव के लिए प्रेषित की है। मप्र शिक्षक संघ के जिला सचिव सत्य प्रकाश त्यागी, अध्यक्ष अंचल शर्मा इत्यादि ने सार्वजनिक छुट्टी की मांग करते हुए कहा कि 530 वर्ष के संघर्ष के पश्चात यह पावन अवसर आया है।

### जिला चिकित्सालय में महिला एवं पुरूष नसबंदी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित

**नरसिंहपुर ।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत माह जनवरी- 2024 में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में महिला एवं पुरूष नसबंदी (एनएसव्हीटी/एलटीटी) फिक्स- डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। इस दौरान डॉ. इति चांदोलकर एवं सहायक सर्जन डॉ. नम्रता शुक्ला द्वारा फिक्स- डे स्टेटिक सेवा स्थल जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में नसबंदी ऑपरेशन करेंगे। यह ऑपरेशन सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को किये जायेंगे। डे- स्टेटिक सेवा कलेंडर माह जनवरी 2024 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में सोमवार को ग्रामीण नरसिंहपुर, बुधवार को गोटेगांव, गुरूवार को करेली व शुक्रवार को शहरी नरसिंहपुर के हितग्राही ऑपरेशन करवा सकते हैं।

### डॉ शोभाराम मेहरा होगें रासेयो विवि समन्वयक

**नरसिंहपुर ।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में भूगोल के पद पर पदस्थ डॉ. शोभाराम मेहरा सहायक प्राध्यापक को उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में पदस्थ किया गया है।